भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3220

15 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश के आईएमबी संयंत्र में आग लगना

3220. डॉ. ढालसिंह बिसेन:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 29 दिसंबर, 2021 को मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में भरवेली मॉयल में आईएमबी संयंत्र में आग लगी थी और इसके क्या कारण थे;

(ख) आईएमबी संयंत्र में आग लगने के कारण हुई संपत्ति की क्षति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस घटना की जांच की गई है और यदि हां तो उसके लिए किन लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया;

(घ) क्या इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उपर्युक्त संयंत्र की कुल कितनी वित्तीय हानि हुई और संयंत्र के पुनरुद्धार के लिए कुल कितनी धनराशि व्यय की गई?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): जी हाँ। मध्यप्रदेश के बालाघाट खान में स्थित मॉयल लिमिटेड के एकीकृत मैंगनीज बेनिफिसिएशन (आईएमबी) संयंत्र में 29 दिसंबर, 2020 को आग लगी थी। मॉयल द्वारा की गई जाँच के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट था।

(ख): आग की घटना में, संयंत्र के सिविल ढाँचे को आंशिक रूप से क्षति पहुँची है। इसके अलावा, मोटर नियंत्रण केन्द्र (एमसीसी) पैनल रूम, इलैक्ट्रिकल स्टोर और एमसीसी कक्ष के नीचे बिछाए गए केबल जल गए। एचटी वीसीबी पैनल और जिग सेक्शन भी आंशिक रूप से जल गए।

(ग) और (घ): जी, हाँ। मॉयल ने विभागीय स्तर पर जाँच की है और जाँच के आधार पर आईएमबी संयंत्र के सहायक महाप्रबंधक (प्रक्रिया) और वरिष्ठ प्रबंधक (इलैक्ट्रिकल) को सख्त चेतावनी जारी की गई। खान सुरक्षा निदेशक (इलैक्ट्रिकल) ने भी इस घटना की जाँच की है।

(ङ): दिनांक 29.12.2020 के अग्निकांड के बाद आईएमबी संयंत्र के सभी प्रमुख उपकरणों को पुनः चालू कर दिया गया था, जिससे दिनांक 08.01.2021 तक लगभग 70% क्षमता उपयोग और दिनांक 17.01.2021 तक 90% क्षमता पुनःस्थापन हासिल कर लिया गया। मरम्मत कार्य के पूरा होने पर दिनांक 27.01.2021 को संयंत्र को इसकी पूर्ण क्षमता से पुनः चालू कर दिया गया है। जनवरी माह के दौरान आग लगने की घटना के कारण प्रसंस्करण के लिए शेष पड़े हुए 3100 एमटी अयस्क का फरवरी, 2021 में प्रसंस्करण किया गया। संयंत्र की मरम्मत के लिए कुल अनुमानित राशि 1.18 करोड़ रुपये है, जो अग्नि बीमा पॉलिसी के तहत कवर है।

****